भिलाई निगम क्षेत्र में सुपेला विद्या रत्न भसीन सेतु सेल्फी जोन नहीं

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत घड़ी चौंक सुपेला स्थित विद्यारतन भशीन सेतू अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। पहले नागरिको को पटरी के उस पार जाने के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। ट्रेन की क्रासिंग होते ही जाम लग जाता था। अंडर ब्रिज के निर्माण से आम नागरिको को काफी सुविधा मिल रही है। अंडर ब्रिज का निर्माण नागरिको के आने–जाने से लेकर शहर की सुन्दरता को एक नया स्वरूप दिया गया है। आम नागरिको को होने वाली असुविधा को देखते हुए अंडर ब्रिज में इस पार से उस पार जाने के लिए दो अलग–अलग रास्ते बनाये गये है। एक आने का एक जाने का एवं डिवाईडर भी लगा हुआ है। रास्ते के साथ ही दिवारो को कलर पेंटिंग से संवारा गया है। जो अपने आप में बहुत ही खुबसुरत दिखता है। रात्रि में भी आने जाने वालो के लिए लाईटिंग की सुविधा दिया गया है जिससे वाहन चालको को आने–जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। अंडर ब्रिज के बीच में मनमोहक कलाकारी की गई है, जो आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। अकसर देखने में आता है कि अपनी जान जोखिम में डाल कर वहां खडे होकर लोग सेल्फी लेते है, और रील बनाते है। जो दुर्घटना का कारण बन जाता है, वह सेल्फी लेने की जगह नहीं है। सावधान रहें। सेल्फी लेते समय पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सांसद विजय बघेल ने सभी नागरिको से अपील की है कि दो पहिया गाड़ी चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहें, सावधानी पूर्वक गाड़ी चलाएं। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने आने जाने वाले नागरिको से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति अंडर ब्रिज से रॉग साईड गाड़ी मत चलाए, कुछ लोग थोड़े से जल्दी में रॉग साईड चलते है और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। सड़क के नियमो का पालन करें, जिला, निगम, पुलिस प्रशासन आपके साथ है सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा है।